**Regarding installation of street lights at turns on Gorha bypass in Kasganj district under Etah Parliamentary Constituency**

श्री देवेश शाक्य **(एटा) :** महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदया, मेरे क्षेत्र एटा कासगंज में हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में सैंकड़ों लोगों को जान गंवानी पड़ती है, लेकिन लोक निर्माण विभाग इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है । सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है । जनपद कासगंज में 19 ब्लैक स्पॉट हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा दुर्घटनाएँ कासगंज के गोरहा बाईपास पर होती हैं । यहाँ बहुत ज्यादा मोड़ होने के कारण ये दुर्घटनाएँ होती हैं । मैं सरकार से माँग करता हूँ कि इस मार्ग को सही और सीधा करने का कष्ट किया जाए, जिससे यहाँ पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी आए और लोगों की जान बचायी जा सके । राष्ट्रीय पथ प्रकाश कार्यक्रम के तहत इस मार्ग पर सड़क सुरक्षा हेतु मोड़ों पर स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रावधान किया जाए । धन्यवाद ।